मोबाईल लूट करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

-थाना नौबस्ता पुलिस को मिली बड़ी सफ़लता

-कोचिंग गई छात्रा से लूटा था मोबाइल फोन

कानपुर। कोचिंग गई छात्रा से मोबाइल लूटने वाले दो शातिर बदमाशों को थाना नौबस्ता पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से लूटा हुआ मोबाइल और लूट में प्रयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

आफिस चौराहा पर वाहन चैकिंग कर रहे पुलिस कर्मियों को सूचना मिली की दो लडके जिन्होने कुछ दिन पहले 23 जुलाई को इण्डियन बैंक चौराहा के पास से एक छात्रा का मोबाईल लूटा था। वह आज फिर किसी घटना को अन्जाम देने के लिये काले रंग की मोटर साईकिल हीरो इगनाईटर पर सवार होकर वाटर पार्क की तरफ से आ रहे हैं।

इस सूचना पर उ0नि0 चेतन कुमार मय हमराही फोर्स के अभियुक्तगण 1. विवेक माथुर पुत्र राजू माथुर निवासी 5डी/639 आवास विकास हंसपुरम थाना नौबस्ता कानपुर नगर उम्र करीब 19 वर्ष 2. श्रीमोहन सविता पुत्र धर्मपाल सविता निवासी किराये का मकान 5ए/571 आवास विकास हंसपुरम थाना नौबस्ता कानपुर नगर मूल पता ग्राम सुनबरसा थाना सिबली जिला कानपुर देहात उम्र करीब 30 वर्ष को समय करीब 20.50 बजे भूरे पुरवा मोड के पास से गिरफ्तार किया। जिसके सम्बन्ध मे थाना हाजा पर मु0अ0सं0 402/23 धारा 392/411 भादवि0 पंजीकृत है। अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता अभियुक्तगणः-

1.विवेक माथुर पुत्र राजू माथुर निवासी 5डी/639 आवास विकास हंसपुरम थाना नौबस्ता कानपुर नगर उम्र करीब 19 वर्ष

2. श्रीमोहन सविता पुत्र धर्मपाल सविता निवासी किराये का मकान 5ए/571 आवास विकास हंसपुरम थाना नौबस्ता कानपुर नगर मूल पता ग्राम सुनबरसा थाना सिबली जिला कानपुर देहात उम्र करीब 30 वर्ष

बरामदगीः- नकद 400/- रूपये,एक अदद मोबाईल फोन MOTO G 62 5G, मोटरसाईकिल नं. UP 78 CX 1800 हीरो इगनाईटर काले रंग की बरामद हुई।

गिरफ्तार करने वाले अधि0/कर्मचारीगणः- उ0नि0 चेतन कुमार थाना नौबस्ता, हे0का0 विकाश चौहान थाना नौबस्ता, हे0का0 रामकिशोर थाना नौबस्ता कमिश्नरेट, हे0का0 मयंक सर्विलांस सेल दक्षिण जोन, का0 अक्षय पवार सर्विलांश सेल दक्षिण जोन, का0 नवनीत राजपूत सर्विलांश सेल दक्षिण जोन, का0 शिववीर सर्विलांश सेल दक्षिण जोन, का0 विवेक यादव शामिल रहे।